कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।

संख्या– एम0ई0–1/क/ लखनऊ, दिनांक 20 जून, 2016

:::विज्ञापन निरस्तीकरण सूचना:::

इस कार्यालय की सेवायोजन विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–1/क/2014/154, दिनांक 15 जनवरी, 2014 के द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ, कन्नौज,जालौन, अम्बेडकरनगर तथा सहारनपुर हेतु विभिन्न श्रेणी के 32 प्रकार के अस्थाई पदों को भरे जाने हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया गया था।

शासन के कार्मिक अनुभाग–3 के द्वारा जारी शासनादेश संख्या–91/2812/47–का–3–14–13/7/2006 दिनांक 15 दिसम्बर, 2014 के द्वारा वेतन बैण्ड–1 (रू0 5200–20200) ग्रेड वेतन रूपये–1900/– एवं इससे अधिक किन्तु वेतन बैण्ड–2 (9300–34800) ग्रेड पे रू0–4600/– से कम की सीधी भर्ती के समस्त पद उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि में विनिर्दिष्ट किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 अधीनस्थ नर्सिंग (अराजपत्रित) सेवा (चतुर्थ संसोधन) नियमावली–2016 के द्वारा स्टाफ नर्स ग्रेड वेतन रू0 4600/– पर चयन का अधिकार उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद मे विनिर्दिष्ट हो गया है।

अतएव उक्त को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त वर्णित इस कार्यालय की उर्पासंदर्भित विज्ञप्ति दिनांक 15 जनवरी, 2014 के द्वारा विज्ञापित सभी पदों को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त विज्ञप्ति द्वारा विज्ञापित पद स्टाफ नर्स (महिला/पुरुष) के पदों पर चयन की कार्यवाही कराये जाने हेतु जमा किए गये शुल्क के सम्बन्ध में शासकीय निर्णय प्राप्त होने के उपरान्त पृथक विज्ञप्ति के माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित कर दिया जायेगा।

महानिदेशक
चिकित्सा शिक्षा

संख्या– एम0ई0–1/क/2016/1481-84 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल हास्पिटल के पास, हजरतगंज लखनऊ को पॉच प्रतियों में (सी0डी0 सहित) इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त निरस्तीकरण सूचना दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के लखनऊ, आगरा, कानपुर, मेरठ, इलाहाबाद, झांसी, गोरखपुर तथा नई दिल्ली के संस्करणों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

2– डा0 बी0डी0 सिंह सम्बद्ध अधिकारी, को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त निरस्तीकरण सूचना विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु सम्बन्धित कर्मचारी को निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

3– मै0 आर0एम0एस0 टेक्नोसल्यूशन (इण्डिया) प्रा0लि0, जानकीपुरम् लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

4– नोटिस बोर्ड।

महानिदेशक
चिकित्सा शिक्षा

Pandey